गदहपुरने को पुनर्नवा भी कहते हैं। यह तीन प्रकार का होता है। सफेद, लाल और नीला। सफेद पुनर्नवा चरपरा, कषैला, रुचिकारक और अग्नि को प्रदीप्त (तेज) करने वाला है। यह सूजन, बवासीर, पाण्डु (पीलिया), कफ, वात, ब्रध्न (वाघी), विष और उदर रोगों को दूर करता है। औषधि रूप में ही व्यवहार करना चाहिए।

लाल पुनर्नवा—पाक में चरपरा, शीतल, हलका और तिक्त (तीता) है। यह मलरोधक, कफ, पित्त और रक्तविकार को नाश करने वाला है तथा वातकारक है।

नीला पुनर्नवा—तीता, कडवा (चरपरा) गरम और रसायन है तथा हृद्रोग, पाण्डुरोग, सूजन, श्वास, वात और कफ को नाश करता है।

पुनर्नवा के पत्तो का शाक अत्यन्त रूक्ष (रूखा) है। यह कफ, वात, मन्दाग्नि, प्लीहा, शूल और गुल्म रोगो को नाश करता है।

उपयोग

(१) गदहपुरने का शाक उबाल कर खाने और उसके पत्तो के रस मे लोहे का मुरचा मिला कर लगाने से शोथ रोग आराम होता है।

(२) सफेद गदहपुरने की जड कानो मे बाँधने से आँखो का जाला कट जाता है। यह जड अतवार के दिन लाकर उसे धूप देकर तब बाँधनी चाहिए।

(३) सफेद गदहपुरने की जड खूब चबा कर खाने और घिस कर लगाने से बिच्छू का जहर उतर जाता है।

(४) सफेद गदहपुरने की जड पीस कर पिलाने से साँप का जहर उतर जाता है।

(५) सफेद गदहपुरने की जड शहद मे घिस कर लगाने से आँखो की खुजली दूर हो जाती है। इसीसे आँखो का जाला भी कट जाता है, पर यह आँखो मे लगती बहुत है।

(६) गदहपुरना, सोठ, खस और देवदारु का काढा बना कर उसमें गोमूत्र मिला कर पीने से शोथ रोग (सूजन) आराम होता है।

(७) गदहपुरने की जड और बरने की छाल का काढा बना कर पीने से अन्तर्विद्रधि (भीतर के फोडे) आराम होते हैं।

(८) जड, फूल, डठल, पत्ता आदि सहित गदहपुरना लाकर चूर्ण बना ले। इस चूर्ण में अन्दाज का सेधा नमक मिला कर गोमूत्र के साथ खाने से प्लीहा और गुल्म नष्ट होते हैं। मात्रा ३ माशे से एक तोले तक। छोटे बच्चो को बहुत कम।

वातनाशक, कड़वा, तीता और गरम है। यह दीपन है और गुल्म रोग और शूल को दूर करता है।

इसमें ८१.३% पानी, २.१% खनिज पदार्थ, ६.०% प्रोटीन, ०.६% वसा, ८.६% कार्बोहाइड्रेट, ०.२३% कैलशियम, ०.१४% फास-फोरस, ६.३ मिली ग्राम प्रति सौ ग्राम लोह, ५७६० से ७४७० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, नाममात्र, और विटामिन सी ६२ मिलिग्राम प्रति सौ ग्राम होता है।

अजवाइन का डंठल

इसमें ९३.५% पानी, ०.९% खनिज पदार्थ, ०.८% प्रोटीन, ०.१% वसा, ३.५% कार्बोहाइड्रेट, ०.०३% कैलशियम, ०.०४% फासफोरस, ४.८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। [illegible]नों की जांच नहीं हुई है।

मे पका कर मोटा लेप लगाने से वात की शान्ति होती है। यह लेप सन्धिवात (जोडो मे हुई वात व्याधि) कमर मे उत्पन्न वात व्याधि और हड्डियो की वेदना मे लाभप्रद है।

गूमे का शाक (द्रोण पुष्पी)

यह भारी, रूखा, स्वादिष्ट, पित्त उत्पन्न करने वाला और कडवा है। यह भेदक (दस्त लाने वाला), एव कामला, प्रमेह, शोथ और ज्वर को दूर करता है। औषधि रूप मे ही इसका व्यवहार करना चाहिए।

उपयोग

(१) गूमा के रस का अजन आंखो में करने से कामला रोग अच्छा हो जाता है।

(२) गूमा की पत्ती का रस, जरा सा खाने वाला नमक मिला कर पिलाने से सांप का विष नष्ट हो जाता है। इससे वे रोगी भी अच्छे हो जाते हैं जिनकी मौत नजदीक समझी जाती है।

(३) गूमा की पत्ती पीस कर उसमे काली मिर्च का चूर्ण मिला कर पीने से जाडा देकर आने वाला ज्वर छूट जाता है।

(४) गूमा का रस नाक मे छोडने से अधकपारी के दर्द (आधा शीशी) मे लाभ होता है।

(५) इसका रस पीने से प्रमेह मे लाभ होता है।

अजवाइन का शाक

यह कडवा, तीता, उष्ण और वात नाशक है। यह ववासीर, कफ, शूल, आध्मान (पेट फूलना) कृमि और वमन को दूर करता है तथा अत्यन्त अग्नि दीपक है। यह रुचिकर है। औषधि रूप मे ही थोडा खाना चाहिए।

इसकी पत्ती का शाक पेट की अग्नि को बढाने वाला, रुचिकारक,

वातनाशक, कडवा, तीता और गरम है। यह दीपन है और गुल्म रोग और शूल को दूर करता है।

इसमें ८१ ३% पानी, २ १% खनिज पदार्थ ६ ०% प्रोटीन ० ६% वसा, ८ ६% कार्बोहाइड्रेट, ० २३% कैलशियम ० १४% फास-फोरस, ६ ३ मिली ग्राम प्रति सौ ग्राम लौह ५७६० ने ०८०० ३० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, नाममात्र, और विटामिन सी ६० मिलिग्राम प्रति सौ ग्राम होता है।

अजवाइन का डंठल

इसमें ९३ ५% पानी, ० ६% खनिज पदार्थ, ० ८% प्रोटीन ० १% वसा, ३ ५% कार्बोहाइड्रेट, ० ०३% कैलशियम, ० ०८% फासफोरस, ४ ८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेष विटामिनो की जाच नही हुई है।

उपयोग

(१) जवाइन और काला नमक बराबर बराबर लेकर पीसकर चूर्ण कर ले। इसमे से ३ माशे से ६ माशे तक मठे के साथ खाने से गुल्म रोग मे लाभ रहता है।

(२) जवाइन पीस कर उसकी पोटली बना कर सूंघने से जुकाम और सिर दर्द मे लाभ रहता है।

(३) अजवाइन की पत्ती डालकर चने के बेसन की बनी पकौडी खाने से अरुचि दूर होती है।

(४) जवाइन और गुड खाने से शीतपित्त (पित्ती उछलना) आराम होता है।

(५) जवाइन, अडूसे की पत्ती, छोटी पीपरि और खसखस का काढा पीने से कफ, ज्वर, खांसी और दमा दूर होते है।

(६) जवाइन की पत्ती अथवा जवाइन और सेवा नमक प्रति दिन खाने से वात गुल्म, प्लीहा और यकृत विकार की शान्ति होती है।

(७) जवाइन और वायविडग बराबर लेकर कूट पीस कर चूर्ण कर डालें। इस चूर्ण को बालक की अवस्थानुसार शहद से खिलाने से आँव और मरोडी के दस्त बन्द हो जाते हैं।

(८) जवाइन खाने से पेट के कीडे मर जाते हैं।

(९) जवाइन का चूर्ण पान के साथ खाने से खाँसी मे लाभ होता है और कफ ढीला होकर निकलने लगता है।

(१०) जवाइन खाकर ऊपर से थोडा गरम पानी पीने से खाँसी, अतीसार, अजीर्ण और पेट का दर्द आराम होते है।

(११) जवाइन, हीग और काला नमक खाकर ऊपर से थोडा गरम पानी पीने से डकार शुद्ध आती है और पेट का दर्द आराम हो जाता है। गरम पानी बोतल में भर कर पेट सेकना भी चाहिए।

मेथी का साग

यह तीता और वातनाशक है। इससे अग्नि दीप्त होती है और भोजन की रुचि उत्पन्न होती है। इससे किञ्चित पित्त कुपित होता है क्योंकि यह कुछ गरम है।

इसमें ८१ ८% पानी, १ ६% खनिज पदार्थ, ४ ९% प्रोटीन, ० ९% वसा, ९ ८% कार्वोहाइड्रेट, ० ४७% कैलशियम, ० ०५% फासफोरस, १६ ९ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ३८६० इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए और ७० इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन बी, होता है।

उपयोग

(१) मेथी के लड्डू खाने से शरीर पुष्ट होता है और वात की शान्ति

होती है। यह लड्डू प्राय प्रत्येक गृहस्थ के घर बनते हैं इस कारण बनाने की विधि लिखने की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

(२) मेथी का चूर्ण दही में मिला कर खाने से आमातिसार नष्ट होता है।

(३) मेथी के सूखे साग पानी में भिगो कर अच्छी तरह मल छान कर लू लगे हुए मनुष्य को पिलाने से लाभ होता है।

राई का शाक

यह कडुवा और गरम है। यह कृमि वायु कफ और कंठ के रोगों को दूर करता है तथा स्वादिष्ट और अग्नि को दीप्त (तेज) करने वाला है।

उपयोग

(१) उबाले हुए राई के साग में सेंधा नमक मिला कर पेट पर बांधने से पेट का दर्द दूर होता है।

(२) राई का साग दाल में उबाल कर खाने से अग्नि दीप्त होती है।

(३) राई का प्लास्टर या लेप लगाने से दर्द दूर होता है। यह बहुत गरम होता है इस कारण अधिक देर तक लेप न रखना चाहिए छाले पड़ जाने का डर रहता है और जलन होने लगती है। अगर छाले पड़ जावें तो उन पर घी लगाना चाहिए।

पोदीना

यह कफ और सर्दी को दूर करता है। [illegible] है। [illegible] दस्त को दूर करता है। [illegible] को [illegible] है। [illegible] करता है।

इसमें ८३.५% पानी १.६% [illegible] [illegible] ४.८% [illegible]

०·६% वसा, ८० % कार्बोहाइड्रेट, ० २० % कैलशियम, ०·०८ % फासफोरस, १५ ६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २७०० इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए होता है। शेष विटामिनो का अन्वेषण नही हुआ है।

उपयोग

(१) पोदीना पानी मे पीस कर चीनी मिला कर खाने से हिचकी नष्ट होती है ।

(२) पोदीना की पत्ती और मिश्री पान की तरह खाने से जीभ के छाले नष्ट होते है ।

(३) पोदीना, सोठ, वड़ी इलायची, सौंफ थोडा थोडा लेकर पीस कर छान ले और गरम करके ठडा कर ले। इस जल को थोडा थोडा पिलाने से वमन और प्यास आराम होती है। यह जल पथरी मे रखना चाहिए।

वेत की फुनगी

यह वात और कफ शान्त करता है। यह शीतल होता है। यह ववासीर, पथरी रोग, विसर्प, मूत्रकृच्छ्र, रक्तपित्त, योनि की पीडा, दाह और सूजन मे लाभदायक है। जिन रोगो मे लाभदायक है उन्ही रोगियो को थोडा सा खाना चाहिए। तन्दुरुस्त आदमी कभी कभी खा सकते है।

मकोय

यह चरपरी, शुक्रजनक, त्रिदोष नाशक, कडवी, रसायन, स्वर को सुधारने वाली, स्निग्ध, उष्ण और नेत्रो को लाभकारी है।

इसमें ८२ १ % पानी, २ १ % खनिज पदार्थ, ५ ९ % प्रोटीन, १ ० % वसा, ८ ९ % कार्बोहाइड्रेट, ० ४ % कैलशियम, ० ०७ % फासफोरस, २० ५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, और ११ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेष विटामिनो का अन्वेषण नही हुआ है।

खेसारी—चपरी का साग

यह मधुर [illegible] [illegible] नाशक रुचि उत्पन्न करने वाला [illegible] और [illegible] अधिक खाने से [illegible] करता है। [illegible]

इसमें ८४.० % पानी [illegible] % खनिज पदार्थ [illegible] १.० % वसा ८.६ % कार्बोहाइड्रेट [illegible] % कैलशियम [illegible] फासफोरस ७३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोह [illegible] ग्राम विटामिन ए होता है। [illegible] खाया जाय तो अच्छा है।

धनिया की पत्ती

यह रोचक, दीपन हल्का उष्णवीर्य पाचन [illegible] स्निग्ध मूत्रकारी होता है। इसका पाक मधुर है। खांसी श्वास त्रिदोष वमन तृषा, कृमिरोग और कृशता को नाश करता है।

इसमें ८७.९ % पानी १.७ % खनिज पदार्थ ३.३ % प्रोटीन, ०.६% वसा, ६.५ % कार्बोहाइड्रेट ०.१४ % कैलशियम ०.०६ % फासफोरस, १० मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोह १०३६० से १२६३० इ० यू० तक प्रति सौ ग्राम विटामिन ए विटामिन बी, काफी, १३५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है।

सलाद की पत्ती (Letuce)

इसमें ९२.९ % पानी, १.२ % खनिज पदार्थ, २.१ % प्रोटीन, ०.३ % वसा, ३.० % कार्बोहाइड्रेट, ०.०५ % कैलशियम, ०.०३ % फासफोरस, २.० मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोह, २२०० इ० यू० प्रति सौ

ग्राम विटामिन ए, ९० इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन बी,, १५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। यह कच्चा ही खाने की चीज है।

पटुवा का साग

यह वायु को कुपित करता है, रक्तपित्त नाशक और विष्टम्भी है।

इसमें ८६ २ % पानी, १ ० % खनिज पदार्थ, १·७ % प्रोटीन, १ १ % वसा, १० % कार्बोहाइड्रेट, १८ % कैलशियम, ०·०४% फासफोरस, ५ ४ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा होता है। विटामिनो का ठीक अन्वेषण नही हुआ है।

ब्राह्मी

यह स्मरणशक्ति बढाने वाली, मधुर, हलकी, कषाय, दस्तावर, पाक मे मधुर, उमर बढाने वाली, रसायन और स्वर शोधक है। इसके सेवन मे रक्तदोष, खाँसी, प्रमेह, पाण्डु, कोढ, विषदोष, सूजन और ज्वर नष्ट होते हैं। कुछ लोग इसे पीस कर पीते है।

गोभी के फूल

गोभी कफ-पित्त को नष्ट करती है। यह हलकी, कडवी, कषैली, शीतल तथा हृदय को लाभदायक होती है।

इसमें ८९ ४ % पानी, १ ४ % खनिज पदार्थ, ३ ५ % प्रोटीन, ० ४ % वसा, ५ ३ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०३ % कैलशियम, ० ०६% फासफोरस, १ ३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ३८ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ११० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, ६६ मिली-ग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

उपयोग

गोभी की [illegible]
[illegible]

गोभी के पत्ते

[illegible]

गोभी के डंठल [illegible] गूदा कच्चा भी खाया जाता है। [illegible] जा सकता है।

गोभी के कई भेद होते हैं। जैसे गाँठ गोभी [illegible] गुण नीचे लिखे हैं।

गाँठ गोभी—यह कफ पित्त वात को शान्त [illegible] मधुर शीतल और भारी होती है। यह रूखी भेदक स्वच्छ और ग्राहक होता है। इसकी जड़ जमीन के अन्दर बैठती है। पर स्वाद गोभी से मिलता जुलता है।

पातगोभी

इसको करमकल्ला भी कहते हैं। यह कफ, पित्त, प्रमेह, खांसी और रक्त दोष को नष्ट करती है। हलकी, पाचक, दीपन और मधुर होती है और पाक में तीखी है।

इसमें ९०.२ % पानी, ०.९ % खनिज पदार्थ, १.८ % प्रोटीन, ०.१ % वसा, ६.३ % कार्बोहाइड्रेट, ०.०३ % कैलशियम, ०.०५ % फासफोरस, ०.८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लौह, २०० इंटर नैशनल यूनिट प्रति सौ ग्राम विटामिन ए, ५० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, १२४ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

इसका ऊपर का पत्ता भीतर के पत्ते की अपेक्षा अधिक गुणकारी होता है। ऊपर का पत्ता फेंकना न चाहिए।

वनगोभी

यह कफ, खाँसी, पित्त और रक्त दोष को शान्त करती है, सब प्रकार के विषो को हरण करने वाली है और वात उत्पन्न करती है। यह शीतल, हलकी और कडवी है।

उपयोग

घी मे बना हुआ वनगोभी का शाक जिसमे सिर्फ नमक पडा हो ववासीर मे लाभदायक होता है।

सुपूनक (चौपतिया)

यह शीतवीर्य, मलसग्राही, (दस्त बाँधने वाला) विदाही, (जलन पैदा करने वाला, लघु (हलका) कषाय, मधुर रस, रूक्ष, अग्निदीपक, वीर्य-वर्धक, रुचिप्रद, मेधा जनक (बुद्धि उत्पन्न करने वाला) रसायन (रोग और बुढापा दूर करने वाला) और नीद लाने वाला होता है। यह तीनो दोषो—वात, पित्त, कफ—ज्वर, श्वास, प्रमेह, कुष्ठ और दाहनाशक है।

सरसो का शाक

यह तीनो दोषो को शान्त करता है, विदाही, गरम, रूखा और भारी होता है। इससे पेशाव और मल अधिक होता है। यह क्षार और लवण रस युक्त होता है। आयुर्वेद के मत से सब शाको में यह रद्दी शाक है। पजावी और गरीब देहाती लोग इसे खूब खाते है।

इसमे ८४ ६ % पानी, २ ५ % खनिज पदार्थ, ५ १ % प्रोटीन, ०·४ % वसा, ७ १ % कार्वोहाइड्रेट, ० ३७ % कैलशियम, ०·११ %

तरकारी बनाई जाती है। बीज बहुत सोधा और स्वादिष्ट होता है। कटहल तन्दुरुस्त आदमी को कभी कभी खाना चाहिए। रोगियो के खाने लायक यह नही है। इसकी एक और जाति होती है उसे कटहरी कहते है।

इसमे ८४० % पानी, ०९ % खनिज पदार्थ, २६ % प्रोटीन, ०·३ % वसा, ९४% कार्बोहाइड्रेट, ००३ % कैलशियम, ००४% फासफोरस, १७ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा होता है। इसके विटामिनो की जाँच नही हुई है।

कटहल के बीज

यह वीर्यवर्द्धक, मधुर, भारी (देर में पचने वाला) मल को बाँधने वाला और मूत्र साफ लाने वाला है।

इसमे ५१६ % पानी, १५ % खनिज पदार्थ, ६६ % प्रोटीन, ०·४ % वसा, ३८४ % कार्बोहाइड्रेट, ००५ % कैलशियम, ०·१३ % फासफोरस, १·२ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा होता है। इसके विटामिनो की जांच नही हुई है।

बड़हर

कच्चा बडहर विष्टम्भी, गरम, भारी, खट्टा, जठराग्नि को नष्ट करने वाला, खून बढाने वाला त्रिदोषवर्द्धक, और आँखो के लिए हानिकारक हैं। इसका दूध के साथ विरोध है। जब तक खाया हुआ बडहर पच न जाय, दूध न पीना चाहिए और न दूध की बनी चीजे खानी चाहिए। इसके फूल की तरकारी बनती है, यह कुछ खट्टा होता है।

केला

कच्चा केला स्वादु, शीतल, विष्टम्भी, कफनाशक, भारी और स्निग्ध

होता है। यह क्षत (फेफड़े का घाव), क्षय, रक्तपित्त दाह वादी और तृषा को नष्ट करता है। कच्चा केला हानिकर होता है। उसको या तो उबाल कर खाना चाहिए या पाल डालकर पका लेना चाहिए। केला के साथ मठा और दही का सयोग अच्छा नहीं है।

इसमें ७३ ४ % पानी, ० ७ % खनिज पदार्थ, १ १ % प्रोटीन ० १ % वसा २४ ७ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०१ % कैलशियम ० ०३ % फासफोरस, ० ५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, १२४ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, बहुत ही कम, ६ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

केले का फूल

यह मधुर चिकना, भारी, कसैला, शीतल और स्निग्ध है। यह रक्त-पित्त, क्षय और वातपित्त नाशक है।

हरफारेवड़ी

यह भारी, रूक्ष, अम्ल, रोचक, स्वादु, विशद और कसैला होता है।

ककड़ी

यह भारी रूक्ष मधुर शीतल पित्त को शान्त करने वाली, रुचिकर्ता, और श्रम को पैदा करने वाली है। यह कच्ची भी खाई जाती है और पका कर भी। ककड़ी कड़वी भी होती है वह नहीं खाई जाती है।

इसमें ९६ ४ % पानी, ० ३ % खनिज पदार्थ ० ४ % प्रोटीन ० १ % वसा, २ ८ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०१ % कैलशियम ०.०३ % फासफोरस, १ ५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, विटामिन ए नाममात्र ३० इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन बी, , ७ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

खीरा

यह शीतल, स्वादिष्ट और हलका होता है। बिलकुल मुलायम खीरा दाह, रक्तपित्त, पित्त और तृषा को दूर करता है।

खरबूजा

यह बल बढाने वाला, स्निग्ध, वृष्य, कोठे को शुद्ध करने वाला, मूत्र लाने वाला, भारी, शीतल, पित्त और वात नष्ट करने वाला होता है। कच्चे खरबूजे की तरकारी बनती है।

सिंघाड़ा

यह शीतल, स्वादु, गुरु, वृष्य, कषैला, ग्राही, शुक्रकारक, वात और कफकारक, पित्त, रुधिर विकार और दाह नष्ट करने वाला है। यह कच्चा भी खाया जाता है और उबाल कर भी। इसकी तरकारी भी अच्छी बनती है। कही कही लोग मसाला और कडवा तेल डालकर अँचार बनाकर रखते है। इसका अँचार स्वादिष्ट होता है।

इसमें ७०·० % पानी, १ १ % खनिज पदार्थ, ४ ७ % प्रोटीन, ० ३ % वसा, २३ ९ % कार्वोहाइड्रेट, ० ०२ % कैलशियम, ०·१५ % फासफोरस, ० ८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, और २० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनो की जाँच नही हुई है।

कोंहड़ा

यह वात कुपित करता है, मन्दाग्नि बढाता है, पित्त उत्पन्न करता और कफ नाशक है। स्वादिष्ट और भारी होता है। कोहडे का ही भेद सफेद कोहडा है जिसे पेठा कहते है किन्तु दोनो के गुणो में बहुत अन्तर है, पीले कोहडे को काशीफल भी कहते है। यह रोगी के खाने की चीज नही है।

उपयोग

नागफल का उबटन दंश पर लगाने से बिच्छू का विष दूर हो जाता है।

पेठा (सफेद कुम्हड़ा)

पेठा वीर्य को बढ़ाता है और मूत्र के विकार को नष्ट करता है। यह वृष्य, भारी तथा शीतल है और रक्तपित्त को शान्त करता है और अम्ल पित्त (Acidity) में लाभदायक है।

इसमें ९६.०% पानी ०.३% खनिज पदार्थ ०.४% प्रोटीन ०.१% वसा ३.२% कार्बोहाइड्रेट ०.०३% कैल्शियम ०.०२% फासफोरस, ०.५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा विटामिन ए नाम मात्र विटामिन बी, २१ इं० यू० प्रति सौ ग्राम और विटामिन सी १ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम होता है।

उपयोग

(१) पेठा के रस में चीनी मिला कर खाने से अम्लपित्त शान्त होता है।

(२) पेठा का रस शराब और कोदो के नशा को दूर करता है।

(३) पेठा का बीज पीस कर नाभी के नीचे लेप लगाने से रुका हुआ पेशाब खुल जाता है।

(४) कोदो और मैनफल के कारण उन्मत्त रोगी को आधा तोला पेठे का रस और तीन माशा शहद एक में मिला कर पिलाना चाहिए। इससे मद (नशा) उतर जाता है।

(५) कुल पिसा पेठे का बीज ६ माशे और कूट का चूर्ण डेढ़ माशे लेकर ३ माशे शहद में डाल कर खूब मिलावे और चाट जाय। इससे उन्माद रोग नष्ट हो जाता है।

(६) पेठे और खीरे के बीज पानी मे पीस कर पेडू पर लेप करने से रुका हुआ पेशाव खुल जाता है और पेशाव आ जाने से रोगी की सब तकलीफ दूर हो जाती है।

(७) पेठे के रस मे गुड और जवाखार डाल कर खाने से पेशाव की रुकावट दूर होती और पेशाव मे शर्करा आना और पथरी रोग नष्ट हो जाते है।

गूलर

गूलर कफ, पित्त और रुधिर के विकारो को दूर करने वाली, मधुर, शीतल, भारी, रूक्ष और कषैली होती है। घाव से मवाद निकाल कर उसको भरती है। इसका उबाल कर भर्ता भी बनाया जाता है और तरकारी भी। यह खाने मे रूखी लगती है पर बहुत गुणकारी है।

तरोई

तरोई की दो किस्मे है पहली मीठी तरोई और दूसरी कडवी तरोई।

तरोई पित्त को शान्त कर कफ और वात को बढाती है। अग्नि को दीप्त करती है। यह मधुर और शीतल होती है। इसका छिलका न निकालना चाहिए।

कडुवी तरोई कफ, पित्त शान्त करती है और वात उत्पन्न करती है। पाक मे कटु होती है। यह सारक और कय कराने वाली होती है। इसका शाक कडवेपन के कारण नही खाया जाता। मीठी तरोई ही शाक के लिए लेनी चाहिए।

इसमे ९५.४ % पानी, ०.३ % खनिज पदार्थ, ०.५ % प्रोटीन, ०.१ % वसा, ३.७ % कार्वोहाइड्रेट, ०.०४ % कैलशियम, ०.०४ % फासफोरस, १.६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ५६ इ० यू० विटामिन

तीते परवल की पत्ती कफ और पित्त को शान्त करती है। इसका फल तीनो दोषो का नाश करता है।

तरकारी मीठे परवल की ही बनाई जाती है। उम्दा तरकारियो मे इसका पहला स्थान है। यह तरकारी रोगी भी खाते हैं और निरोगी भी। मौसिम मे खूब खाना चाहिए। इसका छिलका नही उतारना चाहिए।

इसमे ९२ ३ % पानी, ० ५ % खनिज पदार्थ, २ ० % प्रोटीन, ०·३ % वसा, १·९ % कार्वोहाइड्रेट, ०·०३ % कैलशियम, ०·०४ % फासफोरस, १ ७ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा होता है। इसके विटामिनो की जाँच नही हुई है।

उपयोग

(१) कड़ुवा परवल खूब बारीक पीस कर पिलाने से विप उतर जाता है। इससे कय होती है और विप निकल जाता है।

(२) कडवे परवल की जड़ की नस्य (सुँघनी) सूँघने से सर्प का काटा हुआ रोगी वच जाता है।

(३) कडवे परवल की पत्ती पानी मे पीस कर कपडे से छान ले। इस रस को सिर पर लगाने से सिर पर बाल निकल आते है।

(४) कड़ुवा परवल और नीम की पत्ती पानी मे उबाल कर उस पानी से फोडा धोना चाहिए। इससे घाव साफ होकर जल्द भरता है।

तुम्बी

इसको लौकी भी कहते है। तुम्बी कफ और पित्त को शान्त करती है। यह धातु को पुष्ट तथा गाटा करती है। एवं वृष्य, रुचिकारी तथा भारी है। एक प्रकार की कडवी लौकी भी होती है उसकी तरकारी नही बनती और न खाई जाती है। लौकी कच्ची भी खाई जा सकती है। कभी कभी भयकर रोग जैसे—राजयक्ष्मा—तक कच्ची लौकी के पथ्य

पर रहने से आराम हो जाते हैं।

इसमें ९२.६% पानी, ०.६% खनिज पदार्थ, १.४% प्रोटीन, ०.१% वसा, ५.३% कार्बोहाइड्रेट, ०.०१% कैलसियम, ०.०३% फासफोरस, ०.७ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ८४ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, २० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, २ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

उपयोग

(१) रक्तपित्त में लौकी की तरकारी खानी चाहिए।

(२) लौकी की तरकारी नवीन ज्वर में लाभदायक होती है। केवल उबाल कर बिना नमक मसाले के खानी चाहिए।

नेनुआ

यह वात उत्पन्न करता है और आध्मान कारक, रूक्ष, स्निग्ध और मधुर होता है। यह कृमि रोग (पेट में कीड़े) उत्पन्न करता है तथा कफ (खांसी) नाशक है। नेनुआ और मूली मिलाकर तरकारी बनाई जाती है। यह अधिक स्वादिष्ट और लाभदायक हो जाती है। कड़ुवा नेनुआ नहीं खाना [illegible]।

सतपुतिया

यह रुच को बढ़ाता और शीतल है। [illegible] दूसरी तरकारी है। [illegible] में यह खानी चाहिए।

कुन्दरू का फूल कामला, खुजली और पित्त को शान्त करता है।

इसकी जड़ धातु बढ़ाती है। हाथ-पाँव का दाह, भ्रम और वमन को नष्ट करती है। यह शीतल होती है और प्रमेह को दूर करती है।

कुन्दरू में ९३ १ % पानी, ० ५ % खनिज पदार्थ, १ २ % प्रोटीन, ० १ % वसा, ३ ५ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०४ % कैलशियम ० ०३ % फासफोरस, १ ४ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २६० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, २८ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनो की जाँच नही हुई है।

भिंडी

यह मलरोधक, रुचिकारक, वृष्य, अम्ल और गरम होती है। इसकी तरकारी बनती है और यह कच्ची भी खाई जाती है। मुलायम भिण्डी ही काम लायक होती है। यह बहुत ही धातु पौष्टिक है। प्रातःकाल २-३ भिंडी खानी चाहिए। यह तन्दुरुस्त आदमियो के खूब खाने की चीज है।

इसमे ८८ ०% पानी, ० ७% खनिज पदार्थ, २ २% प्रोटीन, ० २% वसा, ७ ७ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०६ % कैलशियम, ० ०८ % फासफोरस, १ ५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ५८ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ गाम, २१ इ० यू० विटामिन बी$_1$ प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी$_2$ काफी, १६ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

खेखसा

यह तीनो दोषो को शमन करता है। अग्नि दीपन करता है और कड़वा होता है।

खेखसा का पत्ता तीनो दोषो को शान्त करता है, और वीर्य बढाता है। यह बवासीर, हिचकी, खाँसी और श्वास को नष्ट करता है।

खेखसा का फल तीनो दोषो को शान्त करता है। खांसी, प्रमेह और श्वास में लाभदायक है। गुल्म और शूल रोग को नष्ट करता है और पाक मे कटु होता है। यह अग्नि दीपन करता है, हृदय की पीडा शान्त करता है।

उपयोग

(१) खेखसा की तरकारी प्रमेह और अरुचि को दूर करती है।

(२) खेखसा की जड पानी के साथ सिल पर पीस कर बिच्छू के काटे हुए स्थान पर लगाने से विष उतर जाता है।

(३) ककोडे (खेखसा) की गांठ का चूर्ण चीनी के साथ लेने से खूनी बवासीर आराम हो जाता है।

(४) खेखसा की जड विष नाशक है। यह सर्प विष को नष्ट करती है।

चिचिंडा

यह वात-पित्त नाशक, बलकारी, पथ्य और रुचि उत्पन्न करने वाला है। यह अत्यन्त हितकर है। यह परवल से गुण मे किंचित ही कम है।

इसमें ९४.१% पानी, ०.७% खनिज पदार्थ, ०.५% प्रोटीन, ०.३% वसा, ४.४% कार्बोहाइड्रेट, ०.०५% कैलशियम, ०.०२% फासफोरस, १.३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, १६० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, और विटामिन सी नाममात्र होता है। शेष विटामिनो की जांच नही हुई है।

करेरुआ

यह वायुगोला, कफ, कृमि, बवासीर और पित्त को शान्त करता है। यह जठराग्नि तथा रुचि को बढाता है और वृष्य तथा बलदायक है।

सहिजन

सहिजन आँखो को लाभकारी है, और रक्तपित्त को कुपित करता है। यह दाह उत्पन्न करने वाला, सग्राही और शुक्र (वीर्य) पैदा करने वाला होता है तथा दीपन, रोचन और मधुर है। इसकी फली, फूल और पत्ती तीनो की तरकारी बनती है।

सहिजन की पत्ती

यह वात और कफ को शान्त करती है, गरम और दीपन होती है। यह कृमि रोग नाशक है।

इसमे ७५.० % पानी, २.३ % खनिज पदार्थ, ६.७ % प्रोटीन, १.७ % वसा, १३.४ % कार्बोहाइड्रेट, ०.४४ % कैलशियम, ०.०७ % फासफोरस, ७.० मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ११३३० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ७० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, २२० मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

सहिजन की फली

यह कफ पित्त शान्त करती है और कषैली होती है। यह क्षय, गुल्म, कृमि और शूल को नष्ट करती है।

इसमें ८६.६ % पानी, २.० % खनिज पदार्थ, २.५ % प्रोटीन, ०.१ % वसा, ३.७ % कार्बोहाइड्रेट, ०.०३ % कैलशियम, ०.११ % फासफोरस, ५.३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, १८४ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, १२० मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनो की जाँच नहीं हुई है।

उपयोग

(१) सहिजन की छाल का काढा हिचकी को बन्द करता है।

(२) सहिजन के पत्तो को पीस कर आँखो पर रख कर पट्टी बाँधने से आँख की पीडा जाती रहती है।

(३) सहिजन की छाल का रस गरम कर कान मे डालने से कान का दर्द आराम हो जाता है।

(४) सहिजन की छाल का रस, रीठा का रस और कडवी तरोई का रस एक मे मिला कर ऊपर से काली जीरी का चूर्ण डाल कर पिलावे। इससे सर्प विष निवारण होता है।

(५) सहिजन की छाल का रस और दूध एक मे मिलाकर पीने से सखिया का विष उतरता है।

(६) सहिजन की छाल का चूर्ण घी मे मिलाकर गरम कर अण्डकोष पर लेप करने से कफ और वात से उत्पन्न हुई सूजन नष्ट हो जाती है।

(७) सहिजन की जड पीस कर कपडे से छान कर शहद मिला कर चाटने से अन्तर्विद्रधि (भीतरी फोडे) मे लाभ होता है।

(८) सहिजन की पत्ती और कडवा तेल समान भाग लेकर पीसे और चोट पर लेप करे। यह लेप चोट में लाभ पहुँचाता है।

(९) सहिजन की जड की छाल पीस कर दाद पर लेप करने से दाद नष्ट होती है।

कौंच (केवाँच)

कौंच वात, कफ और रक्तपित्त को शान्त करता है। यह [illegible] और कफदोष नाशक है। इसकी फली की तरकारी बनती है। इसमें रोयें होते हैं। शरीर में ये रोयें यदि लग जावें तो खुजली उत्पन्न हो जाती है। पहले इनको उबाल कर [illegible] तरकारी बनाई जाती है। इसकी तरकारी बडी पौष्टिक समझी जाती है। [illegible] आदमियो के खाने की चीज है। बीमार [illegible]।

उपयोग

(१) कौंच का बीज जल मे पीस कर, दिन मे कई बार, वद पर लेप करने से वद अच्छी हो जाती है।

(२) कौंच के बीज को पीस कर बिच्छू के डक मारे हुए स्थान पर लगाने से बिच्छू का जहर शान्त हो जाता है।

(३) कौंच के बीज, गोखरू, सतावर और विदारीकन्द का चूर्ण बनाकर बराबर की मिश्री मिला दे और अपने अग्नि बल के अनुसार खावे। इससे बल वीर्य बढता है और शरीर मे ताकत आती है।

करैला

करैला दस्तावर, कडवा, शीतल और हलका होता है। यह बादी नही करता है। खून के विकार, कफ, पित्त, ज्वर, कृमिरोग, प्रमेह और पाण्डु रोगो को समूल नष्ट करता है। क्वार मे करैले की तरकारी हानिकर होती है।

इसमे ९२ ४ % पानी, ० ८ % खनिज पदार्थ, १ ६ % प्रोटीन, ० २ % वसा, ४ २ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०३ % कैलशियम, ० ०७ % फासफोरस, २२ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २१० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, २४ इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, बहुत कम और ८८ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

छोटा करैला

इसमें ८३ २% पानी, १ ४% खनिज पदार्थ, २ ९% प्रोटीन, १ ० % वसा, ९ ८ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०५ % कैलशियम, ० १४ % फासफोरस, ९·४ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २१० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, २४ इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, बहुत कम और विटामिन सी ८८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम होता है।

उपयोग

(१) करैले की पत्ती का रस और जीरे का चूर्ण एक में मिला कर शीतज्वर में पिलाना चाहिए।

(२) हल्दी का चूर्ण और करैले के पत्ते का रस पिलाने से कय होती है और इससे बच्चो का अफरा (पेट फूलना) शान्त हो जाता है।

(३) करैले की जड पीस कर कुछ दिन तक लगातार पिलाने से पारे का फूट निकलना आराम होता है।

(४) करैले की पत्ती के रस में काली मिर्च पीस कर आंखो में आंजने से रतौंधी अच्छी हो जाती है। तीन दिनो तक यह अंजन लगाना चाहिए।

(५) करैले के पत्तो का अथवा करैले का रस एक छोटी चमची भर थोडी शकर मिला कर पीने से बवासीर मे लाभ होता है।

(६) करैला के पत्ते का रस, गाय का घी और पित्तपापडे का रस तीनो को एक मे मिलाकर सिर पर लेप लगाने से पित्त से उत्पन्न सिर दर्द फौरन हलका हो जाता है।

(७) करैला का रस गरम कर कान मे छोडने से कान का दर्द दूर हो जाता है।

बैंगन

बैंगन कफ को शान्त करता है। शुक्र (वीर्य) को बढाता है। ज्वर और वात को नष्ट करता है। यह तीक्ष्ण, उष्ण, पाक मे कटु और रुचि उत्पन्न करने वाला तथा हलका होता है।

बतिया बैंगन पथ्य होता है। जिसमे बीज पड जाते है वह उतना गुणकारी नही होता। यह कच्चा भी खाया जा सकता है। इसका छिलका न उतारना चाहिए। मुलायम बतिया बैंगन ही खरीदना चाहिए।

डाल का पका बैंगन पित्त उत्पन्न करता है और भारी होता है।

कच्चा बैंगन कफ-पित्त शान्त करता है।

इसमें ९१ ५ % पानी, ० ५ % खनिज पदार्थ, १ ३ % प्रोटीन, ० ३ % वसा, ६ ४ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०२ % कैलशियम, ० ०६% फासफोरस, १ ३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ५ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, १५ इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, विटामिन बी, काफी, और २३ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

उपयोग

(१) धतूरे के विष को नष्ट करने के लिए बैंगन का तीन तोला रस पीना चाहिए। यह रस कई बार पीना चाहिए।

(२) बैंगन भून कर सुहाता सुहाता गाँठो पर बाँधने से गाँठ का दर्द जाता रहता है।

(३) बैंगन और पोस्ता, कुचल कर पानी मे औटे। इसी पानी से हाथ-पाँव धोवे। इससे शीत के पसीने बन्द हो जाते हैं।

(४) बैंगन की जड पानी के साथ घिसकर आँखो में लगाने से आँख की फूली नष्ट हो जाती है।

(५) बैंगन भून कर और उसमे हल्दी और प्याज मिला कर चोट पर बाँधने से चोट का दर्द दूर होता है।

सेम

हरी और सफेद—दोनो सेम मधुर, मेधाजनक (बुद्धि बढाने वाली) दीपन और कसैली होती है।

काली सेम अरुचि का नाश करती है। यह पित्त नाशक, कड़वी, मधुर, शीतल और भारी होती है।

गोजिया सेम अग्नि को मन्द करती है। वात नाशक है। शुक्र का नाश करती है। यह कफ पित्त उत्पन्न करने वाली, गरम, वृष्य, रुचिकारक,

और भारी होती है। तन्दुरुस्त आदमियों को कभी कभी खानी चाहिए।

इसमें ८२.४% पानी १.०% खनिज पदार्थ, ४.५% प्रोटीन ०.१% वसा, १०.०% कार्बोहाइड्रेट ०.०५% कैलसियम ०.०६% फासफोरस, १.६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, और १२ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनों की जांच नहीं हुई है।

ग्वार की फली (बनसेम)

यह वात, कफ उत्पन्न करती है, पित्त शान्त करती है। रुखी, भारी और दस्तावर होती है।

इसमें ८२.५% पानी, १.४% खनिज पदार्थ, ३.७% प्रोटीन ०.२% वसा, ६.६% कार्बोहाइड्रेट, ०.१३% कैलसियम, ०.०५% फासफोरस, ५.८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ३३० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, और ४६ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनों की जांच नहीं हुई है।

सेमर का फूल

सेमर का फल कफ को नष्ट करता है और वादी को कुपित करता है। पित्त बढ़ाता है यह भारी और मन्दाग्निकारक है।

उपयोग

सेमल के फूलों का साग घी में छौंक कर सेंधा नमक डाल कर खाने से प्रदर रोग को दूर करता है।

कचूरी

कचूरी का फल कफ और पित्त को उत्पन्न करता है। यह रुचि

शान्त करता है, रुधिर विकार और वादी के विकार को दूर करता है। यह स्तम्भनकर्ता, स्वादिष्ट, भारी और शीतल होता है।

टिंडा

टिंडा मूत्र और पथरी रोग को दूर करता है। कफ और पित्त शान्त करता है। यह रूक्ष, रुचिकारी, वातल, दस्तावर और शीतल होता है।

इसमें ९२ ३ % पानी, ० ६ % खनिज पदार्थ, १ ७ % प्रोटीन, ० १ % वसा, ५ ३ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०२ % कैलशियम, ० ०३ % फास-फोरस ० ९ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २८ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनो की जाँच नहीं हुई है।

सुअरा सेम

यह सेम जठराग्नि को मन्द करती है। वात नाशक और कफ पित्त बढाने वाली होती है। यह वृष्य तथा रुचिकारी है और मल को बाँधती है।

अगस्त

अगस्त वात पैदा करने वाला, कडवा, शीतल तथा रूक्ष होता है। इसके फूलो का शाक बनता है।

इसमें ७६ ७ % पानी, ३ १ % खनिज पदार्थ, ८ ४ % प्रोटीन, १ ४ % वसा, ८ २ % कार्बोहाइड्रेट, १ १३ % कैलशियम, ० ०८ % फासफोरस, ३ ९ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोह, ९००० इ० यू० विटा-मिन ए प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनो का अन्वेषण नहीं हुआ है।

उपयोग

(१) इसके पत्तो का रस हींग के साथ सुंघाने से चौथैया ज्वर दूर हो जाता है।

(२) अगस्त के पत्तो की पुलटिस बांधने से सूजन और चोट में लाभ होता है।

(३) इसके फूलों का साग खाने से रतौंधी दूर होती है।

(४) इसके पत्ते का रस मलने से खुजली मिटती है।

(५) इनके पत्तो के रस की नास लेने से सिर का दर्द और जुकाम नष्ट होता है।

बोड़ा (लोबिया)

यह तीन प्रकार का होता है—लाल, सफेद और काला। जितना दाना बड़ा होता है वह उतना ही उत्तम है। यह गुरु, मधुर, कषाय, तृप्तिकारक, सारक (दस्त लाने वाला) रूक्ष, वायुवर्द्धक, रुचिप्रद, स्तन्यजनक (दूध बढाने वाला) और अत्यन्त बलदायक होता है।

नीबू

यह वातनाशक, हलका, दीपन, खट्टा और पाचक होता है, कीडो को नष्ट करने वाला, पेट के दर्द को दूर करने वाला, रुचि उत्पन्न करने वाला है। मन्दाग्नि, हैजा, क्षयरोग, विष विकार और कब्जियत में इसका खूब प्रयोग करना चाहिए।

इसमे ८४ ६% पानी, ० ७% खनिज पदार्थ, १ ५% प्रोटीन, १·०% वसा, १० ६% कार्बोहाइड्रेट, ० ०६% कैल्शियम, ०·०२% फासफोरस, ० ३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २६ इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए होता है और इसके रस में ६३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेष विटामिनो की जाँच नहीं हुई है।

नीबू बहुत ही स्वास्थ्यवर्द्धक है। पानी में नीबू का रस मिलाकर प्रति दिन पीने से स्वास्थ्य बढता है और रोगनाशक शक्ति बढती है। दाल और तरकारी मे मिलाकर खाने से चीजें तो स्वादिष्ट हो ही जाती है जल्दी

पचती भी है। हैजे के दिनो मे इसका इस्तेमाल न भूलना चाहिए। चीनी के साथ इसका रस हैजे की दवा हो जाता है। एकजीमा और दाद पर इसका रस लगाने से लाभ होता है। इसका रस हाथ पाँव मे लगाने से हाथ पाँव नही फटते। कीमती फेस क्रीम से भी यह अच्छी चीज है। इसकी शाक तरकारी नही बनती पर शाक तकारियो का जायका बढाने के काम मे यह आता है।

लाल मिर्च

यह पित्त बढाने वाली, कफ नष्ट करने वाली, दाह उत्पन्न करने वाली, है और अजीर्ण, तन्द्रा, विषूचिका, मोह, प्रलाप, व्रण, स्वरभेद और अरुचि को दूर करने वाली है। नाडी की गति यदि क्षीण हो गई हो, इन्द्री शक्ति नष्ट हो गई हो और घोर सन्निपात रोग हो तो भी इसका उपयोग अत्यन्त लाभदायक होता है। इसके फल की मात्रा एक रत्ती है।

इसमे १० ० % पानी, ६ १ % खनिज पदार्थ, १५ ९ % प्रोटीन, ६ २ % वसा, ३१ ६ % कार्बोहाइड्रेट, ० १६ % कैलशियम, ० ३७% फासफोरस, २ ३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ५७६ इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए, और ५१ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेप विटामिनो की जांच नही हुई है।

हरा मिर्चा

इसमे ८२ ६ % पानी, १ ० % खनिज पदार्थ, २, ९ % प्रोटीन, ०·६ % वसा, ६·१ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०३ % कैलशियम, ० ०८% फासफोरस, १ २ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ४५४ इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए, १११ मिलीगाम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेप विटामिनो की जाँच नही हुई है।

मिर्चा सूखा भी खाया जाता है और हरा भी। हरी मिर्च अगर अधिक

खाई जाय तो जलन्धर (जलोदर) रोग उत्पन्न होता है और पित्त के बिगड जाने से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं। हरी मिर्च भोजन मे रुचि उत्पन्न करती है और कुछ दिन सेवन करने से प्रमेह मे लाभ होता है। सूखे मिर्च लाल और पीले दो रग के होते हैं। मिर्चा कच्चा ही दांत से चबा कर खाया जाय तो अधिक गुणकारी होता है लेकिन अधिक मिर्चा खाने से बलवीर्य की हानि होती है। घी मे भून कर या नमक और खटाई के साथ थोडी मात्रा मे मिर्चा लाभकारी होता है। लाल मिर्च रूखी होती है और कफ के रोगो को दूर करती है। पीली मिर्च गरम है, बलवर्द्धक है और शरीर की सर्दी को दूर करती है। यह वात पित्त कफ को समान अवस्था मे रखती है। मक्खन के साथ खाने से दुष्ट बाई का रोग दूर होता है। दही और मठे मे मे डाल कर खाने से शरीर पुष्ट होता है और कीडे मर जाते हैं। हरी धनिया के फूल और लाल मिर्च एक मे खाय तो जोडो का दर्द दूर हो जाता है। मिर्चा दो चार रत्ती से ज्यादा नही खाना चाहिए। कही कही लोग मिर्च की तरकारी बना कर खाते है।

अध्याय १०

कन्द शाक

इनका खाने वाला भाग भूमि के अन्दर होता है इसी कारण इनको कन्द शाक कहते है। भूमि के भीतर दबे रहने के कारण उन पर सूर्य की किरणें नही पडती परन्तु डाल पत्तियो पर जो धूप पडती है उसका बहुत कुछ असर उनपर भी पडता है। ये देर मे पचने वाले होते है। इनमे प्राय विटामिन ए की कमी रहती है। खनिज लवण इनमे होते है और विटामिन बी भी पाये जाते है। पीली गाजर मे विटामिन ए पाया जाता है। पीले रग के फल और शाक तरकारियो मे चाहे वे कन्द ही क्यो न हो यह विटामिन पाया जाता है। इनमे विटामिन सी भी होता है। आग पर पकाने से इनका विटामिन नष्ट हो जाता है। इनका छिलका उतारने से ये कम गुण वाले हो जाते है, विशेषकर आलू। अगर आलू का छिलका उतारना ही हो तो उबालकर छील लेना चाहिए। कुछ कन्द शाक जैसे अरुई, बण्डा, आदि बहुत देर में पचते और कब्ज करते हैं तथा आंव पैदा करते है। वे सर्वसाधारण के खाने योग्य नही। ऐसे कन्द तन्दुरुस्त लोग कभी कभी खा सकते है।

आलू

आलू रूक्ष तथा दुर्जर है और रक्तपित्त को नष्ट करता है। यह शीतल, भारी, मधुर, विष्टम्भी और मल मूत्र उत्पन्न करने वाला है। यह रोगियो के काम की चीज नही है। तन्दुरस्त आदमियो को ही खाना

दोपकारक है। इसके खाने से ज्वर, वमन, अतीसार, और कफ के रोग उत्पन्न होते है। आयुर्वेद मे यही शाक सस्वेदज कहलाता है।

मूली

कड़ी और मोटी मूली कफ, वात, गुल्म और कृमि रोग को शान्त करती है, ग्राही (काविज), गरम और तीक्ष्ण होती है।

मुलायम मूली

यह तीनो दोपो, दाह, शूल, वात और कफ को शान्त करती है। मूत्रदोप, खाँसी और श्वास को दूर करती है। आम, पीनस और उदर रोग को नष्ट करती है। यह खारी, कडवी और अग्निदीपन (तेज करने वाली) होती है, एव मधुर, पाचक और ग्राही (काविज) है। इनसे शरीर मे वल आता है और भोजन मे रुचि उत्पन्न होती है।

मूली सफेद

इसमे ६४ ४ % पानी, ० ६ % खनिज पदार्थ, ० ७ % प्रोटीन, ०·१ % वसा, ४ २ % कार्वोहाइड्रेट, ०·०५ % कैलशियम, ० ०३ % फासफोरस, और ४ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ३ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ६० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, १५ मिलीगाम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

मूली लाल

इसमे ६० ८ % पानी, ० ६ % खनिज पदार्थ, ० ६ % प्रोटीन, ०·३ % वसा, ७ ४ % कार्वोहाइड्रेट, ० ०५ % कैलशियम, ० ०२ % फासफोरस, ० ५ मिलीगाम प्रति सौ ग्राम लोहा, ३ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ६० इ० यू० विटामिन वी, प्रति सौ ग्राम, और १७ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

पकी मूली

यह नमक के साथ खाने से हृद्रोग, शूल और अर्श (बवासीर) को दूर करती है।

पुरानी मूली

यह रक्त के प्रकोप को शान्त करती है। पित्त नाशक, शोधक तथा उष्ण होती है। मूली कच्ची भी खाई जाती है और तरकारी भी बनती है। बहुत अधिक मूली खाने से खून खराब होता है। ४-६ तोला प्रति दिन खाने की चीज है।

मूली का फूल

यह कफ और पित्त को उत्पन्न करता है।

गोल मूली

यह कफ, वात, पित्त और गुल्म रोग को दूर करती है तथा तीक्ष्ण और उष्ण होती है।

मूली की फली

यह कफ और वात को शान्त करती है और उष्ण है।

सूखी मूली

यह त्रिदोष, सूजन और विष दोष को शमन करती है और हलकी है।

गाजर

गाजर कफ और पित्त को नष्ट करता है, तथा शूल दाह और तृषा को शान्त करता है। यह कृमि, अफरा और रुचि को बढ़ाने वाला है।

यह कच्चा ही खाया जाता है। काले गाजर से विलायती पीला गाजर उम्दा होता है। गाजर के मौसिम में तन्दुरुस्त आदमियो को इसे खूब खाना चाहिए। बहुत से लोग इसका हलवा खाते है। स्वाद के लिए वह बहुत अच्छी चीज है। पर हलवा बनाने मे उसका विटामिन नष्ट हो जाता है। पूरा लाभ उठाने के लिए कच्चा ही खाना चाहिए।

यह रक्त साफ करता है गठिया, यकृत और पथरी रोग मे लाभदायक है। यह पौष्टिक है और बल बढाता है। १५-२० दिन केवल गाजर खाकर रहने से चर्म रोग मे विशेष लाभ होता है। इसका रस खुजली मे शरीर मे लगाया जाता है। इसकी पत्ती का शाक बनता है।

इसमे ८६ ० % पानी, १ १ % खनिज पदार्थ, ० ६ % प्रोटीन, ० १ % वसा, १० ७ % कार्बोहाइड्रेट, ० ०८ % कैलशियम, ० ०३ % फासफोरस, १·५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २०२० से ४३०० इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ६० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, और ३ मिली ग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

गाजर की पत्ती का साग

इसमे ८३ ३ % पानी, २ ८ % खनिज पदार्थ, ५ १ % प्रोटीन, ०·५ % वसा, ८ ३ % कार्बोहाइड्रेट, ० ३४ % कैलशियम, ० ११ % फासफोरस, और ८ ८ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लौह होता है। इसके विटामिनो की ठीक ठीक जांच नही हुई है।

उपयोग

(१) गाजर की जड स्त्री के दूध में पीसे और उसको नाक से खींचे। इससे हिचकी भाग जाती है।

(२) गाजर की पत्तियो के दोनो तरफ घी लगाकर उसको गरम करे

और उसका रस निकाले। एक दो बूंद नाक और कान में डाले। इससे आधासीसी अच्छा होता है।

अदरक

यह कटु भारी, तीक्ष्ण, अग्निदीपक भेदक, उष्णवीर्य और कफ-वात नाशक है। इसमें सोंठ के सब गुण मौजूद हैं। रक्तपित्त, दाह कुष्ठ मूत्रकृच्छ ज्वर, तथा शरद और गर्मी के ऋतुओं में अदरक खाना वर्जित है।

इसमें ८०.९% पानी १.२% खनिज पदार्थ, २.३% प्रोटीन ०.९% चर्बी, १२.३% कार्बोहाइड्रेट ०.०२% कैल्शियम, ०.०६% फासफोरस, २.७ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा ६७ इ० यू० प्रति सौ ग्राम विटामिन ए और ६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम विटामिन सी होता है। शेष विटामिनों की जांच नहीं हुई है।

भोजन करने के पहले कतरे हुए अदरख थोड़ा नमक के साथ रोज खाना चाहिए। इससे पाचक रस ठीक ठीक बनता है और भोजन ठीक ठीक पचता है। सर्दी जुकाम में भी इसका प्रयोग किया जाता है। इसकी अलग तरकारी नहीं बनाई जाती लेकिन साग भाजियों और दाल में स्वाद लाने के लिए लोग इसे डालते हैं। इससे खाद्य पदार्थों का कफवर्द्धक दोष कम हो जाता है। थोड़ी मात्रा में प्रति दिन कच्ची खाने की चीज है।

प्याज

यह बलवर्द्धक, शुक्र उत्पन्नकर्ता, स्निग्ध और पाचन होता है। रस में कड़वा तथा तीक्ष्ण होता है पाक में मधुर तथा टूटे हुए स्थान को जोड़ने वाला, कंठ को साफ करने वाला, स्मरण शक्ति को बढ़ाने वाला, आंखों को लाभदायक और रसायन (बीमारी और बुढ़ापा दूर करने वाला) होता है।

यह लू और हैजे के दिनों में अच्छी चीज है। उदर, मूत्रकृच्छ,

और नमरोग में इसका प्रयोग हानिकर होता है। कच्चा प्याज पेट साफ करने में सहायक होता है। साधारण दुर्बलता में इसके इस्तेमाल से बल आ जाता है। यह उत्तेजक होता है इसलिए धातुक्षीणता वालों को हानिकर हो सकता है। जाड़े के दिनों में आधे चम्मच प्याज के रस में एक चम्मच शहद मिलाकर चाटने से शरीर पुष्ट होता और बल बढ़ता है। इसकी पत्तियों का भी शाक बनता है। प्याज कच्ची भी खाई जाती है और पका कर भी। कच्चा खाना अधिक लाभदायक है।

प्याज बड़ी

इसमें ८६·८ % पानी, ०·४ % खनिज पदार्थ, १·२ % प्रोटीन, ११·६ % कार्बोहाइड्रेट, ०·१८ % कैलशियम, ०·०५ % फासफोरस, ०·७ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, ४० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, और ११ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

प्याज छोटी

इसमें ८४·३ % पानी, ०·६ % खनिज पदार्थ, १·८ % प्रोटीन, ०·१ % वसा, १३·२ % कार्बोहाइड्रेट, ०·०४ % कैलशियम ०·०६ % फासफोरस, १·२ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २५ इ० यू० विटामिन ए प्रति सौ ग्राम, ४० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, और ११ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

प्याज का डंठल

इसमें ८७·६ % पानी, ०·८ % खनिज पदार्थ, ०·९ % प्रोटीन, ०·२ % वसा, ८·९ % कार्बोहाइड्रेट, ०·०५ % कैलशियम, ०·०५ % फासफोरस, ७·५ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा होता है। इसके विटामिनों की जाँच नहीं हुई है।

(१०) प्याज को पीस कर बर्रे के डंक मारे हुए स्थान पर लगाने से तुरन्त जहर उतर जाता है।

(११) प्याज को कूट कर शहद में मिलाकर कुत्ते के काटे स्थान पर लगाने से जहर उतर जाता है। इसको लगाने के साथ साथ सफेद जीरा स्याह जीरा, और काली मिर्च को पीस कर २ माशे चूर्ण खिलाना भी चाहिए। यह उपाय लगातार कई दिनों तक करते रहने से लाभ होता है।

(१२) प्याज का एक गट्ठा हर वक्त अपने पास रखने से गरमी के दिनो में लू नही लगती।

(१३) प्याज का रस पिलाने से बच्चो के पेट के अन्दर के कीडे मर जाते हैं। बदहजमी का रोग अच्छा हो जाता है।

(१४) प्याज और गुड कुछ दिन लगातार खिलाने से बच्चे जल्दी बढते है।

(१५) प्याज काटकर सूँघने से सिर दर्द मिट जाता है।

लहसुन

इसमे प्याज के समान ही गुण है पर यह गरम बहुत है। यह वात विकार मे लाभदायक है और उसे समूल नष्ट करता है। यह भोजन को स्वादिष्ट बनाता और शरीर को नया बना देता है। इसे भी कच्चा खाना चाहिए पर बहुत थोडा। ब्लड प्रेशर मे अच्छा लाभदायक है। इसका दूध और मीठे के साथ विरोध है। किन्तु प्राचीन आचार्यों ने कही कही दूध के साथ इसके खाने की आज्ञा दी है। यह प्लीहा और वात रोग की अमूल्य औषधि है। इसकी पत्ती भी खाई जाती है। गरम होने के कारण आयुर्वेदिक चिकित्सक इसे यक्ष्मा में हानिकर मानते है क्योंकि इसके इस्तेमाल से रोगी को खून आने लग जा सकता है।

इसमे ६२ ८ % पानी, १·० % खनिज पदार्थ, ६ ३ % प्रोटीन, ०·१ % वसा, २६ ० % कार्बोहाइड्रेट, ३ ०३ % कैलशियम, ०·३१ %

फासफोरस, १.३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, विटामिन ए कुछ नहीं और विटामिन सी १३ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम होता है। शेष विटामिनों की जाँच नहीं हुई है।

बाँस की कोपल

यह रूक्ष, कफ पैदा करने वाला, दस्तावर, पाक में कटु, भारी, वात-पित्त बढ़ाने वाला, कसैला और विदाही होता है। तन्दुरुस्त आदमियों को भी बहुत कम खाना चाहिए। मरीजों को तो छूना भी न चाहिए।

सूरन (ओल, जमीकन्द)

यह कफ के बवासीर को अच्छा करता है और हल्का होता है। यह कसैला, खुजली उत्पन्न करने वाला, रुचिकारी, विष्टम्भी (कब्ज करने वाला), चरपरा और अग्निदीपन करने वाला होता है। यह कफ को नष्ट करता है। रूखा और कसैला होता है। यह अर्श (बवासीर), प्लीहा और गुल्म रोग को नष्ट करता है।

सूरन कुष्ठ के रोगी, दाद और पित्त के रोगियों को न खाना चाहिए। यह उनके लिए लाभदायक नहीं होता बल्कि नुकसान करता है। यह खुजली करता है। मिट्टी के बर्तन में रख कर और मुँह बन्द करके धीमी आँच पर पका देना चाहिए। घंटे दो घंटे यों ही बिना पानी डाले पकने दें। इस तरह उसका सब पानी जल जाता है फिर यह खुजली नहीं करता। यह खून खराब करने वाला है और चर्मरोग वालों को नुकसान करता है पर बवासीर में बहुत गुणकारी है। तन्दुरुस्त आदमियों को खाना चाहिए।

इसमें ७८.७% पानी ०.८% खनिज पदार्थ, १.२% प्रोटीन, ०.१% वसा, १८.४% कार्बोहाइड्रेट, ०.०५% कैल्शियम, ०.०८% फास्फोरस, ०.६ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, २३४ इ० यू० विटामिन

[illegible] ग्राम, [illegible] विटामिन है, [illegible] [illegible] [illegible] होता है।

उपयोग

(१) सूरन [illegible] के साथ खाने से [illegible] में लाभ होता है।

(२) उदर के रोगी को जंगली सूरन का [illegible] मिलाकर पानी के साथ पिलाना चाहिए। यह उदर रोग में लाभकारी होता है।

(३) सूरन का भुरता दही के साथ खाने से खूनी बवासीर आराम होता है।

जंगली सूरन

यह सूरन शूल, गुल्म और कृमि रोग को नष्ट करता है। अरुचि दूर करता है तथा उष्ण और कटु होता है।

शलगम—शलजम

इसमें ६१.१ % पानी, ०.६ % खनिज पदार्थ, ०.५ % प्रोटीन, ०.२ % वसा, ७.६ % कार्बोहाइड्रेट, ०.०३ % कैलशियम, ०.०४ % फासफोरस, ०.४ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम लोहा, विटामिन ए नाम मात्र, ४० इ० यू० विटामिन बी, प्रति सौ ग्राम, और ४३ मिलीग्राम विटामिन सी प्रति सौ ग्राम होता है।

यह खून साफ करने वाला है। इसकी पत्तियों का भी शाक बनता है। इसे तन्दुरुस्त आदमियों को ही खाना चाहिए। इसमें सलफर (गन्धक) होता है।

पेंडे या अरुई का डंठल

इसमें ९३·४% पानी १·२% खनिज पदार्थ [illegible] ०·३% वसा ४·२% कार्बोहाइड्रेट [illegible] कैल्शियम [illegible] फासफोरस ०·१ मिलीग्राम प्रति सौ ग्राम होते हैं। विटामिन की जाँच नहीं हुई है। जहाँ तक सम्भव हो इसे न खाया जाय [illegible] पड़ जाता है।

घीया कण्डा

यह भी देर से पचता है पौष्टिक है। कभी कभी [illegible] को खाना चाहिए। यह भी अरुई की तरह का है।

वराही कन्द

यह वादी कफ कोढ़ और प्रमेह को नष्ट करता है। [illegible] और जठराग्नि को बढ़ाता है। पित्तकर्ता तिक्त बलकारक और [illegible] (रोग और बुढ़ापा दूर करने वाला) है।

धरणी कन्द

यह कन्द खुजली को दूर करता है। कफ और पित्त से उत्पन्न रोग का शमन करता है। तथा मूत्र के दोषों को नष्ट करता है।

मान कन्द

यह रक्तपित्त को शान्त करता है सूजन को दूर करता है तथा हल्का और शीतल होता है।

महिष कन्द

महिष कन्द बरसात के रोगों को शमन करता है। यह मधुर और उष्ण होता है। मूत्र की जलन को नष्ट करता है।

अध्याय ११

रोगनिवारण में शाक तरकारियों का उपयोग

(पथ्यापथ्य)

वैद्यजीवन मे लोलिम्बराज ने लिखा है कि यदि रोगी पथ्य से रहे तो उसे औषधि-सेवन की आवश्यकता नही पडती अर्थात् रोग पथ्य सेवन से ही नष्ट हो जाता है और यदि रोगी पथ्य से न रहे तो उसे भी औषधि सेवन की आवश्यकता नही है क्योकि उसे औषधि से कुछ लाभ न होगा। इस कथन से पथ्य का महत्त्व अच्छी तरह समझ मे आ जाता है। पथ्य आचरण करने से चाहे व्याधि समूल नष्ट न हो किन्तु इतना तो अवश्य होता है कि व्याधि बढने नही पाती और उसका जोर कम पड जाता है। योग-रत्नाकरकार का कथन है कि निदान, औषधि और पथ्य पर मन लगा कर विचार करना चाहिए और इससे रोग इस भाँति क्षीण हो जाते हैं जिस प्रकार बिना पानी के कोमल अँखुए। और भी कहा है।

विनाऽपि भेषजैर्व्याधि पथ्यादेव विलीयते।
न तु पथ्यविहीनस्य भेषजाना शतैरपि।

इसका भावार्थ यह है कि बिना औषधि के भी व्याधि शमन हो सकती है, यदि पथ्य से रहा जाय, किन्तु अपथ्य से रहने पर सैकडो औषधियो से भी व्याधि नही जायगी। पथ्य नियोजन मे आहार विहार दोनो की ओर ध्यान होना चाहिए और यह देखना चाहिए कि रोगी मे बल कितना है, उसकी अग्नि कैसी है, उसमे कौन कौन दोप विकृत है, रोग क्या है इसके अनुसार जैसा भोजन, जल, रहन-सहन-आदि रोग को दूर करने वाले और रोगी को आराम पहुँचाने वाले हो वैसा प्रबन्ध करना चाहिए।

मीठा सहिजन, कोहडा, लौकी, पोई, लहसुन, गदहपुर्ना, ककडी आदि अपथ्य है। अतीसार की बीमारी पेट की खराबी से होती है और इसमे कोई चीज खाने से गडबडी हो सकती है इसलिए बलवान रोगी को उपवास करके रोग पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। विटामिनो के चक्कर मे पडकर अनाप शनाप खाकर रोग न बढा लेना चाहिए।

संग्रहणी मे पथ्य—जो पथ्यापथ्य अतीसार के लिए है वही संग्रहणी मे पालन करना चाहिए।

बवासीर में पथ्य—पुनर्नवा, सूरन, बथुवा, परवल, बैगन, बेत की फुनगी, जीवन्ती, ब्राह्मी, लहसुन, नीबू आदि हितकर है।

बवासीर मे अपथ्य—बांस की कोपल, सेम, करील, लौकी, पोई का साग, भसीड—ये अपथ्य है।

मन्दाग्नि मे पथ्य—बेत की फुनगी, बथुआ, छोटी मूली, पका कोहडा, बतिया केला, मीठा सहिजन, परवल, बैगन, ककोडा, करैला, चागेरी, सुपूनक (चौपतिया) का साग, लहसुन, नीबू आदि पथ्य है।

मन्दाग्नि में अपथ्य—इस रोग मे पोई का साग, आलू, रतालू, अरुई आदि अपथ्य है।

कृमि रोग मे पथ्य—परवल, बेत की फुनगी, बथुआ, लहसुन, नीबू चौपतिया, केला, सरसो का साग, करैला—ये सब चीजे हितकर है।

कृमि रोग मे अपथ्य—प्राय पत्तेवाले सभी साग इस रोग मे हानिकर होते है।

पाण्डुरोग मे पथ्य—परवल, पका कोहडा, बतिया केला, जीवन्ती का साग, गुडच का साग, चौराई का साग, पुनर्नवा, द्रोणपुष्पी (गूमा), बैगन, प्याज, लहसुन, कुँदरू आदि पथ्य है।

पाण्डुरोग मे अपथ्य—सरसो का साग अपथ्य है।

रक्तपित्त मे पथ्य—छोटी चौलाई, बडी चौलाई, परवल, बेत की फुनगी, पका सफेद कोहडा आदि पथ्य है।

अरोचक में पथ्य—[illegible] बैंगन, मीठा सहिजन [illegible] वाली शाक [illegible] ।

कै में पथ्य—[illegible] ।

कै में अपथ्य—[illegible] अपथ्य हैं।

प्यास में पथ्य—[illegible], [illegible], [illegible], [illegible], केले का फूल आदि पथ्य हैं।

प्यास में अपथ्य—[illegible] रस वाली शाक तरकारी आदि अपथ्य हैं।

मूर्च्छा में पथ्य—पुराना सफेद कोहड़ा, परवल, केले का फूल, चौराई, पोई का साग और तिक्त रस वाली शाक तरकारियाँ पथ्य हैं।

मूर्च्छा में अपथ्य—इस रोग में पत्ते वाले साग हानिकारी होते हैं

मदात्यय में पथ्य—इस रोग में चौराई का साग और परवल पथ्य हैं। अधिक शराब पीने से जो रोग पैदा होता है उसे मदात्यय कहते हैं।

दाह रोग में पथ्य—सफेद कोहड़ा, ककड़ी, केले का फूल, परवल, कुंदरू, लौकी, सिंघाड़ा, धनिया और तिक्त रस वाली और शीत वीर्य वाली तरकारियाँ पथ्य हैं।

दाह रोग में अपथ्य—इस रोग में हींग, कड़वे और तीखे पदार्थ हानिकारी होते हैं।

उन्माद में पथ्य—पुराना सफेद कोहड़ा, परवल, ब्राह्मी की पत्ती, बथुआ, चौराई आदि पथ्य हैं।

उन्माद में अपथ्य—इस रोग में करेला, पत्ते वाले साग, तिक्त रस वाली साग तरकारियाँ, कुंदरू आदि अपथ्य हैं।

अपस्मार में पथ्यापथ्य—जो पथ्यापथ्य उन्माद में लिखा गया है वही पथ्यापथ्य इस रोग में समझना चाहिए।

वातव्याधि में पथ्य—परवल, मीठा सहिजन, बैंगन, लहसुन आदि पथ्य हैं।

मूत्रकृच्छ्र में अपथ्य—इस रोग मे खट्टे, रूक्ष और विदाही पदार्थ जैसे, करील और तेल मे भुने हुए अन्य साग अपथ्य हैं।

मूत्राघात मे पथ्य—इस रोग मे पथ्यापथ्य मूत्रकृच्छ्र मे बताये गये पथ्यापथ्य के अनुसार समझना चाहिए।

अश्मरी रोग मे पथ्य—इस रोग मे चौराई, पुराना सफेद कोहडा, और उसके पत्ते, अदरक पथ्य हैं।

प्रमेहरोग में पथ्य—सहिजन, परवल, करैला, खेखसा, गूलर, लहसुन, केले का फूल पथ्य हैं।

प्रमेहरोग मे अपथ्य—लौकी, सेम, कोहडा और अन्य खट्टे रस वाली साग तरकारियाँ अपथ्य हैं।

सोमरोग मे पथ्यापथ्य—प्रमेहरोग के अनुसार समझना चाहिए।

प्रमेह पिड़िका (Carbuncle)—इसमे कफ करने वाली, रूक्ष, तीक्ष्ण रस वाली साग तरकारियाँ तथा लहसुन और प्याज अपथ्य हैं।

मेदरोग मे पथ्य—मकोय, सरसो का साग, पत्ते वाले अन्य साग और रूखी, उष्ण और कडवे रस वाली साग तरकारियाँ पथ्य हैं।

मेदरोग मे अपथ्य—कफ बढाने वाली साग तरकारियाँ अपथ्य हैं।

उदररोग मे पथ्य—सहिजन, पुनर्नवा, करैला, परवल और परवल के पत्ते, अदरक, लहसुन आदि पथ्य हैं।

उदररोग में अपथ्य—पत्तेवाले साग, गरम और विदाही साग अपथ्य हैं।

प्लीहा (तिल्ली) और यकृत रोग में पथ्यापथ्य—उदररोग के अनुसार समझना चाहिए।

शोथ रोग मे पथ्य—सेम, करैला, लाल सहिजन, लहसुन, खेखसा, छोटी मूली, मानकन्द, परवल, वेत की फुनगी, बैगन, पुनर्नवा, गाजर और अन्य कडवे रस वाली एव गरम शाक-भाजियाँ पथ्य हैं।

शोथ रोग मे अपथ्य—सूखे साग इसमे अपथ्य हैं।

इस रोग में तिताई शाक तरकारियाँ जैसे, करील आदि अपथ्य हैं।

कुष्ठ रोग में—बेत की फुनगी, परवल, मकोय, पुनर्नवा, चकवड़ के पत्ते, तरोई, लहसुन आदि पथ्य हैं।

इस रोग में खट्टे रस वाली साग तरकारियाँ और मूली अपथ्य हैं।

शीतपित्त (पित्ती उछलना) में—खेखसा, करेला, सहिजन, छोटी मूली, पोई आदि शाक तरकारियाँ पथ्य हैं।

इस रोग में कड़वे और अम्ल रस वाली साग तरकारियाँ अपथ्य हैं।

अम्लपित्त में—खेखसा, करेला, परवल, बेत की फुनगी, पका सफेद कोंहड़ा, केले का फूल, बथुए का साग, एवं अन्य तिक्त रस वाली साग तरकारियाँ पथ्य हैं।

इस रोग में खट्टे और कडवे रस वाली साग तरकारियाँ अपथ्य हैं।

विसर्प रोग में—करेला, बेत की फुनगी, परवल की पत्ती और तिक्त रस वाली अन्य साग तरकारियाँ पथ्य हैं।

इसमें खट्टे और कडवे रस वाले साग अपथ्य हैं।

विस्फोटक रोग में—करेला, बेत की फुनगी, परवल पथ्य है।

इसमें खट्टे-कडवे रस वाली साग तरकारियाँ अपथ्य हैं।

मसूरिका रोग (चेचक) में—करेला, परवल, खेखसा, कच्चा केला, सहिजन आदि मसूरिका की प्रथम अवस्था मे पथ्य हैं। मसूरिका की पक्वावस्था में वही पथ्यापथ्य रखना चाहिए जो व्रणशोथ के लिए बताया गया है।

मसूरिका मे अपथ्य—सेम, आलू, शाक और अन्य कडवे और अम्ल रस वाली तरकारियाँ अपथ्य हैं।

मुख रोग में—करेला, परवल, छोटी मूली पथ्य हैं।

कफ करने वाली शाक तरकारियाँ अपथ्य हैं।

कर्ण रोग में—परवल, सहिजन, बैंगन, सुपूनक (चौपतिया) का साग, करेला आदि पथ्य हैं।

नासारोग में—बैंगन, सहिजन, खेखसा, छोटी मूली, लहसुन, परवल

अनुक्रमणिका (INDEX)

अनुक्रमणिका